# जामसांवली मंदिर पहुंचे तीन लाख से अधिक हनुमान भक्त



## डीपीआर बनाने के केंद्रीय सड़क मंत्री गडकरी ने दिए निर्देश

मंदिर संस्थान के आग्रह पर शनिवार हनुमान जन्मोत्सव की विशेष पूजा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी अपने परिवार के साथ उपस्थित हुए, चमत्कारिक मंदिर आगमन पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं पदाधिकारी के द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी स्वागत सत्कार किया गया,इस अवसर पर मंदिर संस्थान की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी से छिंदवाड़ा-नागपुर राजमार्ग (बजाज जोड़) से नागपुर-बैतूल राजमार्ग (राजना जोड़) तक फोर लेन सड़क ₹श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली तक सुसज्जित ₹श्री हनुमान पथ₹ के निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया। जिसपर श्री केंद्रीय मंत्री द्वारा एनएचआई के अधिकारियों को तत्काल विस्तृत डीपीआर तैयार कर मंत्रालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



## 3 लाख से अधिक भक्तों ने किया श्री मूर्ति के दर्शन

चर्चा के दौरान श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल से श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,शुक्रवार शाम से शनिवार मिलकर दोनों दोनों में 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर श्रीमूर्ति के दर्शन किए है, भक्तों के आगमन और सुविधाओं को लेकर जिला प्रशासन एवं मंदिर कमेटी की ओर से पार्किंग,जगह जगह, पेयजल, सुरक्षाकर्मी, स्वास्थ्य केम्प, महाप्रसाद, सीसीटीवी कैमरे, आदि की व्यवस्थाएं बनाई गई थी।

## पदयात्री हनुमान भक्तों का जगह-जगह पर हुआ स्वागत सत्कार

छिंदवाड़ा सिवनी जुन्नारदेव परासिया मोहखेड़, अमरवाड़ा आदि क्षेत्र से पदयात्रा करते हुए गधा लेकर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली पहुंचे भक्तों का सौसर नगर क्षेत्र में जगह-जगह पर विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के और से महाप्रसाद पेयजल शरबत आदि का वितरण करते हुए स्वागत सत्कार किया गया है। हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के पुलिस थाना परिसर में बने हुए हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 8 हनुमान मंदिर, बाल हनुमान मंदिर बेलगांव, आदि स्थानों पर भी दिन भर धार्मिक आयोजनों के साथ में महाप्रसाद का वितरण किया गया।



## जन्मोत्सव मनाने कोसमी पहुंचे हनुमान भक्त, खूब लगे जयकारे

**परासिया** :- संकट मोचक महाबली हनुमान का जन्मोत्सव मनाने कोयलांचल के सभी क्षेत्रों से भक्त कोसमी मंदिर पहुंचे । भक्तों की सेवा में लोगों ने भी कोई कमी नहीं की । जगह - जगह चने , हलवा , पानी , शरबत का वितरण किया गया । धार्मिक भजनों और जयकारों से वातावरण गूंज उठा ।शनिवार को पूरे भारत में हनुमान जयंती पूरे हर्षोल्लास से मनाई ग ई । कोयलांचल में भी भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ जयंती मनाई । इस अवसर पर न्यूटन , परासिया , चांदामेटा , बड़कुही और जाटाछापर से विशाल रैली निकली । जिसमें युवक , युवतियां और अन्य भक्त बाईक , ट्रेक्टर आदि वाहनों के साथ शामिल हुए । रैली का जगह - जगह स्वागत हुआ । समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शनिवार को सौसर क्षेत्र जय जय श्रीराम और बजरंगबली के जय के नारों से गूंजता रहा है, हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा है, सुबह प्रातः 5 होने वाली महाआरती के लिए मंदिर परिसर से लेकर तो पांढुर्ना मार्ग तक हनुमान भक्तों की लंबी लाइन है,नजर आई है, मुख्य आयोजन श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली हनुमान लोक में हुआ जहां पर शुक्रवार के रात से ही हजारों की संख्या में भक्तों का आना शुरू हो गया था, देर शाम तक 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से पहुंचकर श्रीमूर्ति के दर्शन पूजा करने की जानकारी प्राप्त हुई है,हनुमान जयंती के अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा अपने परिवार के साथ में मंदिर पहुंचकर श्रीमूर्ति की पूजा और दर्शन किए है। शनिवार की रात्रि 2:00 बजे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी की उपस्थिति में त्रिमूर्ति का महारुद्राभिषेक किया गया।

## रुद्राभिषेक और महाआरती में लगी लंबी कतारें

प्रातःकाल में, मंदिर में भगवान हनुमान जी का विशेष रुद्राभिषेक वाराणसी के पुरोहितों द्वारा संपन्न कराया, जिसमें विधायक परिणय फुके जी, पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ संस्थान संरक्षक दादाराव बोबडे,अध्यक्ष गोपाल शर्मा,रवि अग्रवाल,श्रीकांत आगलावे सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित थे। अनुष्ठान में, भगवान हनुमान का दूध, दही, घी, शहद एवं छप्पन भोग से अभिषेक किया गया, और मंत्रोच्चारण के साथ उनकी स्तुति की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान, मंदिर परिसर में भक्तिमय संगीत भजनों की मधुर ध्वनि और भक्तों के द्वारा जय जय श्री राम बजरंगबली की का जयघोष किया जा रहा था, इस दौरान हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से पांढुर्णा एडिशनल एसपी नीरज सोनी,सौसर डीएसपी डी ही नागर, दिन भर मोर्चा संभालते हुए नजर आए।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**दमुआ**। श्री हनुमान जयंती के पास पावन अवसर पर आज 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्री दादा हनुमान जी मंदिर धाम में विशेष रूप से पूजा अनुष्ठान के कार्यक्रम हुए। जिसमें श्री हनुमान जी को सिंदूर लंगोट चोला चढ़ेगा और हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम भी हुआ। पूजन अनुष्ठान हवन पूजन पूर्णाहुति के पश्चात श्री दादा हनुमान जी का मंदिर धाम में विधिवत कार्यक्रम भी हुआ। फिर प्रसादी भंडारी का कार्यक्रम भी रखा गया है नगर शहर के सभी श्री हनुमान जी के मंदिरों में प्रातः कल सुबह से ही देर रात्रि तक विशेष पूजन अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजन हुए।श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल प्रखंड दमुआ एवं हिंदू उत्सव समिति दमुआ के संयुक्त तत्वाधान में झांकी रैली निकाली गई।

# रेत चोरों से भयभीत हैं रेत पकड़ने वाले अधिकारी

## प्रशासन पर दहशत बनाकर टोल चुकाकर निकल रहे रेत के वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

**रेत चोरों से भयभीत है रेत पकड़ने वाले अधिकारी...** बेखौफ चोरी करते रेत माफिया के मन से अब खनिज प्रशासन का डर निकल गया है। भगवान भरोसे अपनी जान बचाकर अधिकारी भी कार्रवाई करने में डरने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि अब अधिकारियों के मन में बेकाबू रेतमाफियाओं का भय बस गया है और यही कारण है कि इन माफियाओं के विरूद्ध कोई भी बड़ी कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया जा सकता है। जिले में बैठे वरिष्ठ अधिकारी भी इन रेत माफियाओं के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मप्र में अब तामिया रेत के मामल में **लूट सके तो लूट** की तर्ज पर चल रहा है। तामिया तहसील में रेत का अवैध व्यवसाय अधिकारियों के संरक्षण में होता चला आ रहा है।

पिछले दिनों तामिया तहसील की खनिज निरीक्षक ने रेत का ट्रैक्टर पकडने का प्रयास किया था लेकिन रेत माफिया ने उन पर पथराव कर रेत का ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। वही लाचार खनिज निरीक्षक को अपने ही विभाग के साथ पुलिस का भी सहयोग नहीं मिला जिस कारण सारे अधिकार शासन से प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आप को लाचार मान कर अघोषित रूप से शांत बैठ गई। बस यही से रेत पहले से ज्यादा खुले रूप में रेत का अवैध खनन कर दिन रात अपने वाहनों से रेत निकाल रहे हैं। इस प्रकरण के बाद चोरों ने रेत पकड़ने वाले अधिकारियों पर पूरी तरह से अपनी दहशत कायम कर रखी है।

इसका जीता जागता उदाहरण कभी भी देखा जा सकता है। दिन में रेत के वाहन निकलना तो यही साबित करते है कि रेत चोरों पर प्रशासन का खौफ होने के बजाय अब ऐसा लगने लगा है कि रेत चोरों से भयभीत है। बीती रात लगभग 1:00 बजे रात्रि को पांडू पिपरिया के एक रेत माफिया का मिनी ट्रक कुआं बादला टोल से रेत लेकर निकला, इसी से सिद्ध होता है कि अब प्रशासन के अधिकारियों में रेत चोरों की दहशत के आगे नतमस्तक नजर आ रहे है। शायद प्रदेश में यह पहला क्षेत्र जहां पर रेत चोरों से प्रशासन दहशत में है जिससे प्रशासकीय अधिकारियों की नाकामी के कारण प्रदेश सरकार को बदनामी का कारण बनना पड़ रहा है कि शासन प्रशासन से ज्यादा ताकतवर तामिया क्षेत्र के रेत चोर साबित हो रहे हैं। अब यह प्रशासनिक अधिकारियों के बीच जिम्मेदारी पर निर्भर करता है कि वह शासन से मिले अधिकारों के बावजूद रेत चोरों पर अपना दबाव बनाकर कार्रवाई कर शासन की सांख बचा सके।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह सामूहिक सम्मेलन की तैयारी जोरों पर



तामिया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत तामिया जनपद पंचायत में होने वाले वैवाहिक सम्मेलन में 56 ग्राम पंचायत के गरीब परिवार 500 से अधिक गरीब बच्चों के विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होंगे! इसके लिए जनपद पंचायत ने वैवाहिक सम्मेलन के लिए सारी तैयारियां कर ली हैं! क्योंकि इतनी ज्यादा तादाद में जोड़ों की शादी होने से कार्यक्रम स्थल की समस्या आन.खड़ी हुई थी! जिसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने मातहत तकनीकी अमले एवं पंचायत सचिवों से विचार विमर्श कर तामिया के साप्ताहिक बाजार स्थल पर विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया! क्योंकि इस स्थल पर इतनी भारी तादाद में आने वाले जोड़ों के लिए पर्याप्त जगह है! जिसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत तामिया को इस स्थान पर व्यवस्था बनाने हेतु निर्देशित किया! तमिया ग्राम पंचायत सरपंच सचिव रोजगार सहायक उप यंत्री की देख-रेख में कम समय में बाजार स्थल को विवाह सम्मेलन के लिए समतलीकरण कार्य किया गया! इधर होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का विवाह.कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से कर सुविधाजनक तरीके से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का समापन हो सके! इसके लिए प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण रूप से कर ली गई हैं।

## धरमटेकड़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मशरूका जप्त

# अवैध सट्टा व अवैध शराब के नौ आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

धरमटेकड़ी पुलिस ने अवैध सट्टा व अवैध शराब के नौ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। चौकी प्रभारी धरमटेकडी उनि राजेश साहू के द्वारा 11 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर अवैध रूप से सट्टा एवं अवैध रूप से शराब पर कार्यवाही करते हुये 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 4 क सट्टा एक्ट एवं एक आरोपी के विरूद्ध 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की गई।

### ये आरोपी पकड़ाए

(1) अजय पिता नरेश वंशकार उम्र 30 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध



कर आरोपी से जप्त मशरूका 160 रूपये जप्त किया गया। परदेशी पिता भीकम धुर्वे उम्र 51 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 310 रूपये जप्त किया गया । अजय पिता सुरेन्द्र यादव उम्र 36 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 420 रूपये जप्त किया गया। मंगल शाह पिता सुरेन्द्र कुमार अहाके उम्र 38 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 230 रूपये जप्त किया गया। गौरीशंकर पिता रामभरोस बनवारी उम्र 35 साल में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 2640 रूपये जप्त किया गया ।

नितेश उर्फ गोलू उर्फ भूरा पिता दिलीप ठाकुर उम्र 26 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 3200 रूपये जप्त किया गया। नरेश रघुवंशी पिता अमर सिंह रघुवंशी उम्र 40 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 5900 रूपये जप्त किया गया। अर्जुन पिता गैहर सिंह भारती उम्र 33 साल को सुक्लूढाना में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 220 रूपये जप्त किया गया। प्रवीण पिता श्रीनिवास सुंदरगिरी 35 साल को जनपद कार्यालय के पास में अवैध रूप से सट्टा पर्ची पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी से जप्त मशरूका 900 रूपये जप्त किया गया ।



## ठेकेदार और प्रशासन दोनों की मिलीभगत से ग्रामीणों की जान के साथ हो रहा खिलवाड़

# प्रशासन की लापरवाही: प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बनी हादसों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



ग्राम पंचायत खामखेड़ा रैय्यत से होकर गुजरने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क आज अपनी हालत से रुला रही है। छिंदीकामथ से तुमड़ा खामखेड़ा तक का यह मार्ग, जो विकास और सुविधा का प्रतीक होना चाहिए था, अब बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील होकर हादसों को न्योता दे रहा है। सड़क के चीथड़े उड़ चुके हैं और यह स्थिति प्रशासन की गंभीर लापरवाही का जीता-जागता सबूत है। सूत्रों के अनुसार, यह सड़क किसी ठेकेदार के रखरखाव में है, लेकिन ठेकेदार और प्रशासन दोनों की मिलीभगत से ग्रामीणों की जान से खिलवाड़ हो रहा है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि वाहन चालकों के लिए हर कदम खतरे से भरा है। कई लोगों के हाथ-पैर टूट चुके हैं, और हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। क्या यह सड़क बनाई गई थी विकास के लिए या मौत को दावत देने के लिए? प्रशासन इस सवाल का जवाब देने से कतरा रहा है। मरम्मत के लिए गिट्टी और अन्य सामग्री तो सड़क के किनारे पड़ी हुई है, लेकिन क्या मजाल कि कोई अधिकारी या कर्मचारी इसकी ओर ध्यान दे। क्या यह सरकारी तंत्र की उदासीनता नहीं कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़क आज बर्बादी की कगार पर है? ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदारों की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, लेकिन कार्रवाई की जगह केवल खानापूर्ति हो रही है। प्रशासन को यह समझ लेना चाहिए कि सड़कें केवल कागजों पर नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगियों से जुड़ी होती हैं। यदि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूटना तय है। क्या प्रशासन अभी भी सोएगा, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार करेगा? समय रहते जागो, वरना जनता खुद आपको आईना दिखाएगी।

## विधि प्रकोष्ठ द्वारा अम्बेडकर समारोह मे आने के लिए लोगों को कर रहे प्रेरित



**जुन्नारदेव** : डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षो उल्लास के साथमेहरा समाज विधि प्रकोष्ठ सयोजक तमिया /जुन्नारदेव के द्वारा बाबा साहब के समारोह मे आने के लिय लोगों को प्रेरित कर उन्हें रैली मे हेलमेट, लायसेंस के नियमों का पालन करने के लिए कहाँ गया है ।डोर टू डोर जाकर पर्चे बटे गए। स्त्री पुरुष के समानता का अधिकार देने वाले ऐसे महापुरुष के विषय मे गांव के लोगो से मिलकर सम्पूर्ण जानकारी दी गई ।विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके सम्मान की रक्षा व सुरक्षा सम्बंधित बातो से अवगत कराया गया।जिले के प्रत्येक तहसील मे ब्लाक स्तर पर विधि संयोजक बने अधिवक्ता के बैनर पोस्टर लगवाय गए। जिसमे विशेष रूप से अधिवक्ता बलदास डेहरिया,रंजीता डेहरिया, योगेश डेहरिया (बौद्ध ), प्रसन्न बछ्लिया, निकिता डेहरिया द्वारा कार्य किया गया।

## गणेश मंदिर बिछुआ में 13 अप्रैल को शाम 7 बजे होगा भव्य संत समागम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

नगर के माता मां चौक स्थित गणेश मठ में श्री अलोणी महाराज सेवा संस्थान के द्वारा 13 अप्रैल को भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। गणेश मठ बिछुआ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी ने बताया कि 13 अप्रैल को शाम 7 बजे से संत समागम आयोजित होंगा। जिसमें नर्मदा उपासक निराहार संत अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु भगवान का आगमन होंगा। संत समागम में संत श्री दादा गुरु धर्म प्रेमियों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे। साथ ही कार्यक्रम में अन्य साधु संत भी शामिल होंगे। बता दें कि प्रकृति के उपासक संत श्री दादा गुरु पिछले 4 वर्षों से केवल मां नर्मदा के पवित्र जल का सेवन कर रहें हैं। साथ ही वें मां नर्मदा के संरक्षण के लिए तब तक 3 बार परिक्रमा कर चुके हैं। मंदिर समिति के द्वारा धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है। तो वहीं रात्रि में 9 बजे से भजन संध्या रसिक म्यूजिकल ग्रुप नागपुर के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के सौजन्य एवं जनसहयोग से बनेगी जिला की सबसे बड़ी गौशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, गौ माता में सारे देवी देवताओं का वास होता है, हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मीडिया संगठन के विशेष सहयोग से जिले की सबसे बड़ी गौशाला हेतु आज भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें पूर्व न्यायाधीश श्री प्रकाश उइके जी और वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र साहू, सौंसर पुर्व विधायक रामराव महाले मीडिया संगठन के प्रदेशाध्यक्ष गयाप्रसाद इस गौशाला निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम मे उपस्थित हुए सभी अतिथियों का मीडिया संगठन चौरई के पत्रकार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया और सभी में अपने-अपने विचार मंच से रखें वहीं मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी ने गौशाला की पुरी जानकारी बताई गौशाला चौरई तहसील के ग्राम केरिया रामेश्वर धाम के पास निर्माण हो रही है जहां पर लगभग 1000 गौवंश को रखना की क्षमता होगी जहां लगभग 50 स्थानीय मजदूरो को रोजगार उपलब्ध होगा गौशाला का निर्माण कार्य जन सहयोग से किया जाएगा और ये जिले की सबसे बड़ी बनेगी गौशाला निर्माण कार्य की स्थाई समिति गठित होगी जो पुरी इमानदारी और पुरी पारदर्शिता के साथ कार्य करेगी यह आयोजन मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के सौजन्य एवं सहयोग से आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में मीडिया संगठन छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष मनेश साहू, महिला पत्रकार जिला अध्यक्ष अंकिता शर्मा,छिंदवाड़ा नगर अध्यक्ष मरोती विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुप साहु, सुरेन्द्र सोनी,अजुर्न मरापे आदि पत्रकार उपस्थित हुए साथ ही छिंदवाड़ा पांढुर्णा में जो गांव संवर्धन बोर्ड द्वारा संचालित गौशाला हो रही है उनके संचालक भी उपस्थित हुए जिसमें बोरगांव गौशाला संचालक वर्षा सोनी, समसवाडा गौशाला संचालक किरण साहु, रिछेडा (माडवा) गौशाला संचालक वर्षा यादव, उमरहर गौशाला संचालक पार्वती किरार, सहित सभी गौशाला संचालक उपस्थित हुए वहीं मंच संचालन गजानन सोनी एंव छत्रपति सोनी ने किया आभार व्यक्त मीडिया संगठन चौरई के तहसील अध्यक्ष मनोज साहू, अजय सेन ,भुजेन्द्र शर्मा, संकराम वर्मा ओम विश्वकर्मा ,युवराज सोनी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## आज परिणय सूत्र में बंधेंगे 668 वर-वधू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आज 13 अप्रैल रविवार को मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 668 वर - वधू परिणय सूत्र में बंधकर न ए जीवन की शुरुआत करेंगे । इनमें 6 जोड़े मुस्लिम समुदाय है । इन सभी वर वधू को जनपद परासिया के अंतर्गत सभी पंचायत एवं चारों निकायों की ओर से श्रृंगार सामग्री वितरित की गई । विवाह कार्यक्रम ईडीसी ग्राउंड में संपन्न कराया जाएगा ।नगर पालिका परासिया ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के वर - वधुओं को सामग्री का वितरण किया । नगर पालिका क्षेत्र परासिया के 47 जोडों का विवाह 13 अप्रैल को कन्यादान योजना से होना है । इन्हें श्रंगार सामग्री प्रदान की गई ।नगर पालिका कार्यालय में सामग्री प्रदान की गई । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि 49 हजार रुपये खाते में डाले जाएंगे । सुबह 10 बजे निकलेगी बारात :- सामूहिक विवाह में शामिल वर पक्ष के लोगों के ठहरने के लिए ईडीसी ग्राउंड के समीप एक लान में जनवासा दिया गया है । जहां से बारात सुबह 10 बजे निकलेगी और ईडीसी ग्राउंड पहुंचेगी । यहां प्रशासनिक अधिकारी , जनप्रतिनिधि उनकी अगवानी करेंगे । प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विवाह संपन्न कराया जाएगा जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान और सभी निकाय के अध्यक्षों ने लोगों से इस विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वर - वधु को आशीर्वाद देने की अपील की है ।



## महिला काँग्रेस ने कराया रामायण जस भजन

**परासिया** :- चैत्र नव रात्रि , राम नवमी पर्व एवं हनुमान जनमोत्स्व पर्व में महिला काँग्रेस ने रामायण पाठ गीत जस भजन का कार्यक्रम वार्ड नम्बर 13 में राधा भारद्वाज के प्रांगण में सम्पन्न करवाया । महिलाओं के द्वारा रामायण पाठ किया गया । इसके बाद भजन गीत और जस प्रस्तुत किये गए । जस गाने पर कई देवियां नाचने लगी । यह खूबसूरत नजारा देखने लायक था । कार्यक्रम में चार महिला मण्डल उपस्थित थीं । सभी महिलाओं ने लाल पीला वस्त्र धारण की थी । कार्यक्रम 2 बजे से शाम 7 बजे तक चलता रहा । हवन आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । इसके पश्चात सभी मण्डल की मात्रशक्तियों को पूजन सामग्री रखने का बकेट , लाल चुनरी प्रसाद फल एवं उपहार स्वरूप सामग्री भेंट की गई । महिलाओं ने एक दूसरे को तिलक लगा कर बधाई दी । वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया । उन्हें भी उपहार देकर सम्मानित किया गया । उपस्थित सभी महिलाओं को भोजन कराया गया । कार्यक्रम में राधा राजपूत , आशा गौतम , निशा भट्ट , दुलारी डेहरिया , पिंकी दुबे , ज्योति सरसवार , गीता चौरसिया , साधना गवनेकर , गीता सोलंकी , आशा दुबे , सीमा सोलंकी , नीतू दीक्षित , तारा बाई श्रीवास्तव , रेखा भट्ट , सरिता गोयल , अर्पणा गौतम , मीरा बैस , ऋतु सरसवार , पूनम बैस , मुमताज बी , चन्द्रकांता जैन , दीपाली वमनोतिया , प्रेमलता रैकवार , किरण वंदेवार , रूपा अहिरवार , रोशनी डेहरिया , रेखा नागोत्रा , सुनीता देशमुख , सुमित्रा , मधु , माया , लक्ष्मी गौतम , गुड्डी गढ़ेवाल , चन्द्रकला राजपूत , फेमुन्निशा कुरैशी , शशिबाला हैरी , प्रतिमा विंदेवरी , रजनी विंदेवरी , मुकेश विश्वकर्मा आर,पी,देवांगन राम दुलारे विंदेवरी गिरीश सूर्यवंशी उपस्थित थे ।

## तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम महिला कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### महिला उत्पीडऩ पर फॉसी की सजा की मॉग की



**वारासिवनी**। वारासिवनी नगर के तहसील कार्यालय में महिला कांग्रेस सेवा दल के तत्वावधान में महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम का ज्ञापन तहसीलदार वारासिवनी को सौप कर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के मामलों में प्रतिबंध एवं फास्ट ट्रेक कोर्ट में सुनवाई किये जाने मांग की गयी।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के राज में कानून का भय, डर बिलकुल नहीं है। आज मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों समेत मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म, बलात्कार, उत्पीडऩ और सामूहिक अपराध की घटनायें लगातार हो रही है। मध्यप्रदेश में महिला उत्पीडऩ के मामलों में लगभग 20-25 दुष्कर्म प्रतिदिन हो रहे हैं। जो मानव समाज, सय समाज के खिलाफ हैं, जो बहुत ही निंदनीय है। समूचे मध्यप्रदेश में बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान चल रहा है। एक तरफ बेटी बचाओ अभियान और दूसरी तरफ भाजपा की नाकारा सरकार का कृत्य, जिससे आज आम जनता व महिलायें अत्यधिक शोषित प्रताड़ित हो रही हैं, उनके संवैधानिक अधिकारों का उलंघन हो रहा है।

ज्ञापन अनुसार भाजपा सरकार में कानून का दुरुपयोग हो रहा हैं। आज आम जनता, महिलायें न्याय पाने के लिये बेबस व लाचार हैं। हमारी मांग है कि भाजपा सरकार में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाये एवं अपराध करने वाले अपराधियों को फाँसी की सजा का प्रावधान करते हुये प्रकरण फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाकर जल्द से जल्द दण्ड दिया जावे, ताकि न्याय मिल सके। वहीं भाजपा सरकार के राज में चल रहे असंवैधानिक कार्यों पर रोक लगाये, नहीं तो महिला काँग्रेस कमेटी बालाघाट अपितु मध्यप्रदेश व भारत में आंदोलन करेगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी व जिमेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली, सेवादल महिला जिला अध्यक्ष रेशमा कुमरे, सेवा दल जिला उपाध्यक्ष आशिफ खान, ब्लॉक अध्यक्ष ललिता सहारे, ब्लॉक उपाध्यक्ष संजू पटले, नीला रिनायत, निर्मला रिनायत, साक्षी, चंद्रकला बांगरे, राजेश कोलते, रोशनी सूर्यवंशी, दिव्या जामुनपानी मौजूद रहे।

## श्रद्धालुगणों ने किया 51- रामचरित्र मानस हनुमान चालीस व सुंदर कांड का पाठ

### हनुमान जयंती पर रामपायली में हुए विविध धार्मिक आयोजन



**वारासिवनी**। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक श्री राम मंदिर रामपायली में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी एवं स्वयं प्रकट लंगड़े हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव अवसर पर श्रद्धालुजनों द्वारा प्रातः काल जल अभिषेक कर विधि विधान से पूजन दर्शन कर उन्हें पुष्पों से सुसज्जित किया गया। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भक्त हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। पूजा अर्चना के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ विभिन्न भक्तों द्वारा किया गया। रामपायली के अनेक स्थानों में रामचरितमानस का पाठ किया गया।

संध्याकाल को महाआरती के साथ भगवान हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। भगवान बजरंगबली की जय जयकार के साथ भक्तजनों द्वारा नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए शोभा यात्रा श्री राम मंदिर वापस पहुंची। जहां पुनः भगवान हनुमान जी महाराज की महा आरती की गई और महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा नगर में मौजूद समस्त हनुमान मंदिर में भक्तजनों द्वारा भगवान का अभिषेक एवं पूजन पाठ किया गया। यह उल्लास नगर एवं क्षेत्र के चारों ओर भगवान श्री हनुमान जी महाराज की जन्मोत्सव के अवसर पर बना रहा।

## केशव इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न,बच्चों ने पेश किए एक से बढ़कर एक नृत्य नाटिका



**वारासिवनी**। स्थानीय केशव इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव मुय अतिथि श्रीमती भारती पारधी सांसद लोकसभा संसदीय क्षेत्र सिवनी बालाघाट की उपस्थिति में सपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप स्तुति एवम् मां सरस्वती की वन्दना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

उसके बाद सांसद भारती पारधी का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा श्रीमती चेतना देवरस, अजीत जैन, तिलक पारधी एवं संजय मांधाता द्वारा किया गया। विद्यालय के लगभग 300 नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसमें कक्षा के जी वन से राधा कृष्ण नृत्य में चारु मात्रे, दर्शी, जीविका ठाकरे, प्रियांशी, शालिनी, वेदिका, यशिका गिरी, राम, कक्षा छठवीं से राम सिया की करुण कहानी में अनुश्री सिकंदरपुरी, कनक, एंजेल, किंजल, सुधारानी, पारुल, सिमर, जानवी, सार्थक, विशेष, अक्षत, हिमांशु, कुणाल, यश, रुद्र, अथर्व एवं चिरमी नृत्य में तेजस्वी, चाहत, मौली, हिमानी, वैदेही, जिज्ञासा, सेजल, रक्षा, सुरभि, इशा, अनन्या ने मनमोहक नृत्य पेश किया।

वहीं शिव तांडव स्तोत्र में कक्षा आठवीं की छात्रा आर्या, रिया, मानवी, पूरवी, तन्वी, अंशिका, प्रिंसीका, विशाखा, सानिया, गीत, प्रियांशी, मौली, नव्या, रश्मि, तृप्ति, दुर्वाक्षी, काव्या, वैदेही, मल्हारी नृत्य में कक्षा आठवीं के छात्र प्रियंक देव, तनिष्क, अरनव, कुसेंद्र, सानिध्य, लव, अश्विन, भरतनाट्यम में कक्षा नवमी की छात्राएं मानसी चौरसिया, वैभवी चाहत, अनोखी, निवेदिता, मीनल, याशिका, महक, सोनाक्षी, धारा, नंदिनी, प्रीत, ध्रुवी, शांभवी, आर्य पाठक ने भाग लिया।

गणेश वंदना में कक्षा आठवी एवं नवमी की छात्राएं अक्षरा, परी, आयुषी, शिफा, निशा, नीति, मेघा, शालिनी, एंजेल, प्रियांशी, अनन्या, आर्या, विशाखा, गरबा नृत्य में कक्षा ग्यारहवीं की बालिकाएं करीना, लीजा, तनु, प्रिया, वेगना, लिशंशी, खुशी, कनक, दिशा, मुस्कान, अपेक्षा, प्रिंसी, सजल, सोनम, सुजल, राम दरबार एवं राम झांकी में मयंक, योग, प्रथम, रूद्र, रोहन, दर्शन, कबीर, प्रथम, तनिष्क, कक्षा दसवीं की छात्राओं द्वारा मां अंबे नृत्य में भूमि पटले, हेमा, अंजलि, दर्पण, शैली, शिफा, राशि, प्राची, पूर्वी, अनुश्री ने सुंदर प्रस्तुति दी।

सरस्वती शिशु मंदिर एवं केशव इंग्लिश स्कूल का संचालन करने वाली ज्ञान विकास समिति के अध्यक्ष तिलक पारधी, व्यवस्थापक संजय मांधाता, समिति सदस्यों में श्रीमती चेतना देवरस, राजेश सिंघई, अजीत जैन, मुकेश अग्रवाल, शिवदयाल बोपचे, विजय तेलासकर, डिलेंद्र देशमुख, शिरीष खंडेलवाल एवम् विकास खण्ड श्रोत समन्वयक सत्येन्द्र शरणागत, बीएसी बालचंद रहांगडाले उपस्थित रहे। दोनों विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा एवं प्रदीप शर्मा, रविशंकर पटले, आदर्श वासनिक, आनंद बलेरिया, पांडुरंग चौधरी, राम पारधी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## गाय आधारित उद्योगों का वैश्विक परिसंघ मध्यप्रदेश की आगामी गतिविधियाँ घोषित

### गौ टेक-गौ महाकुंभ 2025 के आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर

### सभी जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त

### निरंजन बिसेन बने बालाघाट जिलाध्यक्ष



**वारासिवनी**। गाय आधारित उद्योगों के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संगठन ग्लोबल कन्फेडरेशन ऑफ काउ बेस्ड इंडस्ट्रीज (जीसीसीआई) ने मध्यप्रदेश में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा जारी कर दी है। जीसीसीआई का मूल उद्देश्य है गाय आधारित सामाजिक और आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देना, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पाद, पंचगव्य, गौ विज्ञान और ग्रामीण उद्यमिता को समर्पित गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं।

इस आशय की जानकारी देते हुए बालाघाट जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष निरंजन बिसेन ने बताया कि जीसीसीआई के मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष दिलीप धनराज गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ वल्लभ भाई कथीरिया की सहमति से संस्था द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जो स्थानीय स्तर पर गतिविधियों का संचालन करेंगे।

### जिला स्तरीय कार्यशालाएँ व सेमिनारों का होगा आयोजन

उन्होंने बताया कि सभी नव मनोनीत जिलाध्यक्षों को आगामी गतिविधियों जिला स्तरीय कार्यशालाएं और सेमिनार जिसमें गौ विज्ञान, पंचगव्य उत्पाद, जैविक खेती और ग्रामीण स्टार्टअप पर जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम करने होंगे। गौ उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय केंद्र, जिसमें प्रत्येक संभाग में गौ उत्पाद मेला आयोजित होगा। जीसीसीआई स्टार्टअप सहायता केंद्र, जिसमें युवाओं व किसानों को प्रशिक्षण, परामर्श व मार्केटिंग सहयोग मिलेगा। नीति संवाद एवं सरकारी समन्वय, जिसमें सरकारों के साथ मिलकर योजनाओं का लाभ गौ आधारित उद्योगों तक पहुंचाना। सामुदायिक जनजागरूकता अभियान जिसमें गौसंरक्षण, गोपालन और गाय आधारित जीवन शैली के लाभों पर संवाद कार्यक्रम की जानकारी भी दी है।

### 30 मई से 2 जून तक जयपुर में होगा महाकुंभ

श्री बिसेन ने बताया कि संस्था की जयपुर में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वल्लभ भाई कथीरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया है कि जीसीसीआई द्वारा गौ टेक गौ महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन 30 मई से 2 जून 2025 के मध्य विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में किया जाएगा। जिसमें गौ आधारित उद्योग न सिर्फ रोजगार और पर्यावरण का समाधान बनेंगे, बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर गौरव दिलाने का माध्यम भी बनेंगे। इसके साथ ही गौपालकों, गौशालाओं, गौ उद्यमिता को आर्थिक तौर पर समृद्ध बनाना हैं, ताकि गाय को बचाया जा सके, गौ उद्यमिता और जैविक खेती को बढ़ावा मिले। जयपुर में गौ टेक गौ महाकुंभ 2025 को हरित क्रांति, श्वेत क्रांति के बाद गौ आधारित उद्यमिता रूपी ब्राउन क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। गौ आधारित उद्यमिता क्रांति के सूत्रपात के रूप में होने जा रहे इस वैश्विक शिखर सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। जीसीसीआई द्वारा वर्ष 2023 में गुजरात के राजकोट में इस गौ टेक का आयोजन किया था, जिसे देश भर में सराहा गया था।

### गाय आधारित समृद्ध भारत के निर्माण में युवा बने सहभागी

जिलाध्यक्ष श्री बिसेन ने बताया कि गाय आधारित उद्योगों से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि युवाओं को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वावलंबन का अवसर मिलेगा। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं और आने वाले समय में गौ संवर्धन एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री बिसेन ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, गौसेवकों, किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं से आह्वान किया है कि वे संस्था की गतिविधियों से जुड़कर गाय आधारित समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

**खबर संक्षेप**

## भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वी जयंती आज मनायेगी कांग्रेस



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत को एक सर्व समावेशी प्रगतिशील संविधान प्रदान करने एवं देश के करोड़ों अनुसूचित जाति में शोषण, उत्पीड़न और असमानता से मुक्ति की प्रबल भावना जगाकर इस वर्ग को भी समाज की बराबरी में खडे.करने वाले संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वी जयंती कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दिनांक 14 अप्रेल 2025, दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे मनाई जावेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थिति की अपील की है।

# अच्छी खबर: पीएम आवास 2.0: बनेंगे हजारों आशियाने लेकिन इसके पहले हितग्राहियों की होगी पड़ताल

**योजना की पहली किस्त एक लाख रुपए आएगी, जिससे मकानों का निर्माण होगा शुरू**

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में तीन हजार से ज्यादा आवास शहर के 24 वार्डों में बनेंगे। राज्य शासन से इसकी सर्वेक्षण सूची नगर पालिका पहुंच गई है। नपा कर्मचारी जल्द ही इसकी पात्रता की जांच करेंगे और रिपोर्ट भोपाल भेजेंगे। इसके बाद योजना की पहली किस्त एक लाख रुपए आएगी, जिससे मकानों का निर्माण शुरू हो सकेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार इस योजना में अब तक शहर से लगभग 3500 से ज्यादा आवेदन हो चुके हैं। सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार नगर पालिका सिवनी में इसके सर्वेक्षण के आदेश आ गए हैं। इस योजना के आवेदन जनवरी से शुरू हुए थे। पिछले चार माह से अब तक आवेदन प्रक्रिया चल रही है। योजना में संबंधित हितग्राही की वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपए तक ही होनी चाहिए। इसके अलावा दूसरी श्रेणी में अलग आय का प्रावधान है। प्रॉपर्टी का स्थान 2011 की जनगणना के अनुसार रजिस्टर्ड नगरों में होना चाहिए या सरकार की ओर से अधिसूचना में दिया गया होना चाहिए। शहरी क्षेत्र में इसका क्रियान्वयन नगर पालिका कर रहा है। सरकार की ओर से भू-स्वामी को इस योजना की सब्सिडी 2.50 लाख रुपए तीन किस्तों में दी जाएगी।

### कैबिनेट की मंजूरी के बाद अप्रेल में आदेश

सिवनी समेत पूरे प्रदेश में 10 लाख आवास बनाने की इस योजना को कैबिनेट से मंजूरी मार्च में मिली थी। उसके बाद सर्वेक्षण करने के आदेश आए हैं। इसमें संबंधित हितग्राही का सर्वे और उन्हें राशि मिलने की प्रक्रिया तय होगी। नपा कर्मचारियों के मुताबिक इस योजना की गाइड लाइन आने के बाद आवेदक हितग्राहियों के प्लॉट का सर्वे शुरू कर दिया गया है। उसमें मकान का निर्माण शुरू होगा

## बेकाबू होकर पिकअप पलटा, चालक की मौत




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र खुदरी गांव के पास गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे टेंट का सामान ले जा रहा पिकअप वाहन बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में चालक कृष्ण कुमार यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय पिकअप वाहन (क्रमांक MPGA 9278) पोंडी गुड़ी से अहमदपुर की ओर जा रहा था। वाहन में टेंट का सामान भरा हुआ था। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पोंडी गुड़ी से अहमदपुर जा रहा था पिकअप किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत का कहना है कि सूचना मिली थी कि खुदरी ग्राम के पास पिकअप वाहन पलट गया है। वाहन में टेंट का सामना भरा था जो पोंडी गुड़ी से अहमदपुर ग्राम जा रहे थे। फिलहाल जांच की जा रही है।

## सामाजिक न्याय के दो महान योद्धाः डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फुले और अंबेडकर की संयुक्त जयंती समारोह एवं वाहन रैली आज

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया सिवनी।** 14 अप्रैल को बहुजन समाज पार्टी द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में सामाजिक क्रांति के दो महान नायकों - महात्मा ज्योतिबा राव फुले और डॉ. भीमराव अंबेडकर की संयुक्त जयंती मनाई जाएगी। यह अवसर न केवल इन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का है, बल्कि उनके विचारों और संघर्षों को याद कर उनसे प्रेरणा लेने का भी है।

### महात्मा ज्योतिबा राव फुले:

महाराष्ट्र में जन्मे ज्योतिबा राव फुले 19वीं सदी के एक प्रमुख समाज सुधारक, विचारक, और लेखक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और महिलाओं की शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाना और ब्राह्मणवादी वर्चस्व का विरोध करना था। उनके विचार और कार्य आज भी सामाजिक न्याय और समानता के लिए लड़ने वालों को प्रेरित करते हैं।




### डॉ. भीमराव अंबेडकर:

डॉ. भीमराव राम जी अंबेडकर, जिन्हें बाबासाहेब के नाम से भी जाना जाता है, 20वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और संविधान निर्माता थे। उन्होंने जातिगत भेदभाव के खिलाफ एक लंबा और कठिन संघर्ष किया। एक गरीब महार परिवार में जन्म लेने के कारण उन्होंने बचपन से ही सामाजिक अपमान और भेदभाव को सहा। अपनी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान में उन्होंने दलितों और अन्य वंचित वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए कई प्रावधान सुनिश्चित किए। उनका जीवन हाशिए पर रहने वालों के लिए एक प्रेरणास्रोत है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अधिकारों के लिए लड़ सकते हैं। आज, जब इन दो महान समाज सुधारकों की संयुक्त जयंती मनाई जा रही है, तो यह आवश्यक है कि हम उनके विचारों को आत्मसात करें और उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लें। बहुजन समाज पार्टी द्वारा सिवनी के कचहरी चौक पर आयोजित जयंती समारोह एवं विचार संगोष्ठी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसमें मुख्य अतिथि मा.उमाकांत बन्देवार (जोन प्रभारी बसपा बालाघाट), विशिष्ट अतिथि बी.एल. कुमरे, डोमन लाल अहिरवार (जिला प्रभारी बसपा सिवनी)के.एल. भलावी, एंड सतीश यादव, प्रेम चंद साहू, श्रीमति चंद्र कला मरार ताम सिंह परते, मुन्ना चौधरी , रामभवन डहेरिया,आर टी भगत, श्रीमति जलसों उइके, श्री मति गीता नरेंद्र अहिरवार, सुखचंद बोपचे, अध्यक्षता लाल सिंह नंदौर (जिला अध्यक्ष बसपा जिला सिवनी)जैसे प्रमुख वक्ता महात्मा फुले और डॉ. अंबेडकर के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालेंगे। यह आयोजन न केवल इन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का भी एक मंच साबित होगा।

## विधायक ने खापा देहवानी में आग से जली गेहूं की फसल का मौका में पहुंचकर अवलोकन कर अन्नदाता किसानों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** केवलारी श्री ठाकुर रजनीश सिंह विधायक ने 12अप्रेल 2025 को विगत दिनों खापा ओर देहवानी ग्राम मे हार्वेस्टर की स्पार्किंग से लगी आग से खापा देहवानी के 25 किसानों की लगभग 80एकड की फसल जल गयी थी। जिसमें लघु सीमांत कृषक 15 ओर अन्य 10 किसानों की खेतो का मौका पर जाकर अवलोकन कर पीड़ित किसानो से घर मे जाकर मुलाकात कर हरसम्भंव मदद का आवश्वासन दिया । ठाकुर रजनीश सिंह विधायक ने सुश्री संस्कृति जेन कलेक्टर सिवनी से मोबाइल पर चर्चा कर खापा देहवानी मे जली फसलो का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा दिये जाने के निर्देश दिये दौरा कार्यक्रम पर राहुल उइके आरआई ,सतीश सोनी पटवारी, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, सुभाष बघेल पूर्व जनपद अध्यक्ष, रमाशंकर महोबिया महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, मुरत सिंह राजपूत सेक्टर अध्यक्ष खैररांजी,ब्रजेश सिंह राजपूत मंडलम अध्यक्ष तिंदुआ, संस्कार तिवारी प्रवक्ता ब्लाक कांग्रेस कमेटी, आनंद चिंटू कौशल अध्यक्ष आई टी सैल सहित ग्राम के सभी किसान ओर ग्रामवासी उपास्तिथ थे।





### कच्चे मकान में लगी आग: 4 बकरियों और एक बछड़े की मौत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा जनपद क्षेत्र के बरबसपुर में आज सुबह तामसी इनवाती के कच्चे मकान में आग लग गई। देखते दो कमरों का कच्चा मकान पूरी तरह जल गया। आग बुझाने की कोशिश में मकान मालिक तामसी इनवाती के हाथ झुलस गए। उन्हें छपारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। एक कमरे में बंधे पालतू मवेशियों में से एक जोड़ी बैल, दो गाय और एक भैंस को लोगों ने किसी तरह बचा लिया। हालांकि, एक दुधारू भैंस और उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। चार बकरियां और एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित के बेटे सुरेन्द्र ने बताया कि उन्होंने तुरंत छपारा अग्निशमन को सूचना दी। व्यस्त होने के कारण फिर पुलिस की मदद से लखनादौन से फायर ब्रिगेड बुलाई गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले आग ने पड़ोसी बिरजू भलावी के पक्के मकान को भी नुकसान पहुंचाया। उनके मकान के दो दरवाजे और खिड़की जल गई। पशु चिकित्सक डॉ. शीतल गौतम ने मृत पशुओं और घायल भैंस-बछड़े की पुष्टि की है। राजस्व विभाग के पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित परिवार ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।

**बंडोल पुलिस ने क्रूरता पूर्वक गौवंश परिवहन पर की कार्यवाही**

## 34 नग जीवित गौवंश मवेशी, 3 नग मृत गौवंश मवेशी कुल 37 नग गौवंश व 12 चक्का ट्रक जप्त

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार गौवंश परिवहन पर कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 12/04/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए NH-44 रोड हाईवे गोरखपुर टेक के पास नाकाबंदी की गई, दौरान नाकाबंदी के वाहन ट्रक 12 चक्का गेरूआ मुण्डा सफेद रंग का जिसका नं. UP-78-CN-4473 आई कि पुलिस की नाकाबंदी को देखकर वाहन चालक एवं वाहन चालक का साथी वाहन को रोड के साईड मे खड़े कर अपने वाहन से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। वाहन को चैक करने पर जिसमे क्रूरतापूर्वक गौवंश मवेशी जिनके मुंह, पैर, सींग रस्सियो से बंधे थे, जो गवाहनो की मदद से रस्सियो को काटकर मवेशियो को गिना गया जो कुल 37 नग मवेशी गाय, बेल, नाटा, बछडा, बछिया भरे थे, आरोपीगणो के विरूद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबध्द कर विधिवत कार्यवाही की गई। अज्ञात आरोपी एवं वाहन चालक की तलाश पतासाजी जारी है। जप्तीः- कुल 37 नग मवेशी गाय, बेल, नाटा, बछडा, बछिया भरे थे, जिनमे 14 नग गाय, 13 नग बछडा, 04 नग बछिया, 04 नग बेल 02 नग नाटा, कुल जीवित 34 नग मवेशी एवं 03 नग मृत जिसमे 01 नग नाटा 02 नग गाय कीमती 1,10,000/- रूपये एवं ट्रक क्र. UP-78-CN-4473 कीमती 12,00,000/- रूपये कुल मशरूका 13,10,000/- रूपये।

**अकबर वार्ड पार्षद के प्रस्ताव पर बनी थी सर्वसम्मति, अमलीजामा का है इंतजार**

# भगवान परशुराम चौक की विधिवत घोषणा परशुराम जयंती के पूर्व करने की अपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गत 28 फरवरी को नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन आयोजित था जिसमें श्रीमती मालती बाबा पाण्डेय पार्षद अकबर वार्ड एवं अन्य पार्षदगणों के द्वारा कबीर वार्ड डूंडासिवनी चौक का नामकरणा भगवान परशुराम चौक के नाम से करने का प्रस्ताव रखा गया था । इस प्रस्ताव को एकमात्र पार्षद संजय भलावी को छोड़कर शेष सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया था ।

डूंडासिवनी कबीर वार्ड क्षेत्र में भगवान परशुराम का मंदिर होने के साथ ही भगवान परशुराम को अपना आदर्श मानने वाले अनुयायिओं की बड़ी संख्या है । सिवनी से मंडला-बालाघाट के इस चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है । इस चौक का नामकरण भगवान परशुराम के नाम से किये जाने का परिषद के पार्षदों को बहुत उपयुक्त लगा और उन्होंने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया था । प्रस्ताव पारित होने के पश्चात नगर के जनसामान्य में भी बहुत प्रशंसात्मक प्रतिक्रिया रही है । प्रस्ताव लाने वाली पार्षद श्रीमती मालती बाबा पांडे को जन सामान्य ने धन्यवाद भी ज्ञापित किया था । सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित होने पर भगवान परशुराम के अनुयायिओं ने सिवनी नगर पालिका परिषद का धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा है कि डूंडासिवनी चौक का नामकरण विधिवत रूप से परशुराम जयंती के पूर्व कर सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव का सम्मान करें ।

**सावधान:ई-केवायसी नही तो राशन नही**

## ई-केवायसी के लिए उचित मूल्य दुकानों में विशेष शिविर का आयोजन 13 से 15 अप्रैल तक

**जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में शतप्रतिशत ई-केवायसी करने के लिए 13 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक उचित मूल्य दुकानों में पंजीकृत हितग्राहियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन शाम 3:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक किया जा रहा है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इसके अतिरिक्त शेष दुकानों में खाद्यान्न वितरण के दौरान भी ई-केवायसी की जावेगी, साथ ही सिवनी नगर में 22 वार्डों में स्थापित उचित मूल्य दुकानो में दिनांक 12.04.2025 से दिनांक 30.04.2025 तक निरंतर शेष हितग्राहियो का ई-केवायसी किया जावेगा। अतः जिन हितग्राहियो का ई-केवायसी नही हुआ है, उनसे अपील है कि वे अनिवार्यतः उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अपना ई-केवायसी

### इन उचित मूल्य दुकानों में होगा शिविर का आयोजन

विकासखण्ड का नाम सिवनी ग्रामीण मुंडरई (भोमा), कमकासुर, दुगली, गरिठया, ढेंका, गोरखपुर कलाँ, वन समिति जटलापुर, झीलपिपिरया, पिपरिया, कान्हानपिपिरया, पलारी, कोठिया, जैतपुर, कोहका (बींझावाडा), थांवरी, खामखरेली, मैली, वन समिति जाम, गोपालगंज, भगतसिंह प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार, सिमरियां, नंदौरा, हिनौतिया रनवेली, बीसावाडी, छतरपुर, अलोनिया, बम्हनी, डोकररांझी, विजयपानी, करकोटी, समनापुर, बलपुरा, बलारपुर, आमकोला, सांगई, छिंदग्वार, पीपरडाही, मैली, भाटीवाडा मंडवा, मोहगाँव, मेहलोन, लंगसा, पौंडी, चींचबंद, बरसला, खमरिया (मानेगाँव), मुंडरईखुर्द, कुकलाह, बींझावाडा, पाथरफोडी, जोरावाडी, नरेला, जुरतरा (बांकी)।

## नव विधान अनुसंधान तकनीक पर द्वितीय कार्यशाला का समापन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी पुलिस पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व में 03 दिवसीय कार्यशाला के तृतीय दिवस प्रशिक्षक निरीक्षक श्री डी एस मरावी व निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा जिले के समस्त थाने व चौकियों से प्रतिभागी विवेचकों को कार्यशाला में आज नए कानूनों के परिप्रेक्ष्य में रिफॉर्म इन लॉ रिलेटेड टू क्राइम वूमेन एंड चिल्ड्रन, इन्वेस्टिगेशन एंड कोर्ट प्रसाइडिंग ऑफ पॉक्सो कोर्ट, प्रैक्टिकल सिनेरियो एंड मॉक इन्वेस्टिगेशन, डिस्कशन ऑन कंपलाइजेशन एसओपी ऑफ सीआईडी जैसे विषयों पर फिल्मांकन प्रदर्शित कर चर्चा हुई। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर दक्षता से बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

**राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की कलेक्टर सुश्री जैन ने की समीक्षा**

# कलेक्टर ने तहसीलदारों को 15 मई तक शत प्रतिशत सीमांकन प्रकरणों का निराकरण करने के दिये निर्देश

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शुक्रवार 11 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, आधार लिंकिंग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों की ई-केवायसी सहित भू-राजस्व वसूली की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनिता खण्डायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार प्रकरणों की निराकरण स्थिति की टॉप-5 एवं बॉटम-5 पटवारीवार की। उन्होंने कम प्रगति वाले पटवारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने फॉर्मर रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए ग्रामवार विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिये हैं साथ ही ई-केवायसी प्रकरणों को भी कैंप के माध्यम से पूरा करने के लिए निर्देशित किया हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी तहसीलदारों को 15 मई तक शतप्रतिशत सीमांकन प्रकरणों का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जल संसाधन विभाग के छोटे-बड़े बांधों के साथ-साथ निजी और शासकीय भूमि के जलाशयों एवं अन्य जल स्त्रोतों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के लिए निर्देशित किया हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व विभाग की लंबित सीएम हेल्प लाईन शिकायतों विस्तृत समीक्षा कर शिकायतवार निराकरण के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिये हैं।

### बंडोल पुलिस द्वारा चोरी करने वाले आरोपी से मोटर सायकिल जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनाँक 08.04.2025 को प्रार्थी दीपक पिता शिवप्रसाद सनोडिया उम्र 27 साल निवासी चंदौरीकलां थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि इसके घर के सामने आंगन में यामा कंपनी की मोटर सायकिल क्रमांक MP22F4649 रखा था जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 187/25 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना के मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही नीतेश पिता सनीराम यादव उम्र 30 साल निवासी चंदौरीकलां थाना बंडोल से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने ग्राम चंदौरीकलां से प्रार्थी के घर के आंगन से मोटर सायकल क्रमांक MP22F4649 यामा कंपनी की चोरी करना बताया है, आरोपी नीतेश यादव से चोरी की गई मोटर सायकल यामा कंपनी की कीमती 15000/- रूपये के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है।

## नन्हें परिंदों की प्यास बुझाएं : आयुष चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गर्मी इतनी तेज ह कि पशु पक्षी दिन भर धूप में प्यासे घूमते रहते है। सभी नागरिकों से समाज सेवी संगठनों से एवं राजनीतिक संगठनों विद्यालय परिवार से आग्रह है कि अपनी छत के ऊपर दुकान के सामने पानी रखें ताकि वह अपनी प्यास बुझा सकें। पशु पक्षी हमारे घर में प्यास बुझाएं तो हम कितने सौभाग्यशाली हैं नन्हे परिंदों की प्यास बुझाएं पक्षियों के लिएपानी की व्यवस्था करने के लिए, आप ये उपाय अपना सकते हैं: छत पर पानी के बर्तन रखें टेराकोटा के बर्तन में पानी रखें प्लास्टिक के फ़ीडर को पेड़ों पर लटकाएं उथले कंटेनर चुनें, जैसे कि पुराना फ्राइंग पैन या बेकिंग पैन पानी के बर्तन साफ़ रखें पानी में गुड़ मिलाएं पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था करें पक्षियों के लिए पानी पिलाने की मशीन लगाएं पक्षी स्नान या अन्य सुविधा प्रदान करें। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था गर्मी के मौसम में ज़्यादा ज़रूरी होती है. पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए, आप घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पानी के बर्तन रख सकते हैं. आम तौर पर, अगर आपका नल का पानी इंसानों द्वारा पिया जा सकता है, तो इसका इस्तेमाल पक्षियों के स्नान में किया जा सकता है. पक्षियों को पानी पिलाने से आप पुण्य अर्जित करते हैं और अपने पापों का प्रायश्चित करते हैं. ऐसी अपील करता हूं हमने अपने क्षेत्र में या अभियान चालू कर दिए है अब आप अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाए।

**खबर संक्षेप**

## समाज सुधारक और शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई

**लालबर्रा।** शुक्रवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के निर्देश अनुसार संपूर्ण प्रदेश में 11 अप्रैल महात्मा फुले की जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस तारतम में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला बालाघाट के द्वारा लालबर्रा के नगर मुख्यालय के बस स्टैंड के समीप बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर महात्मा फुले की जयंती कार्यक्रम संपन्न किया गया और दुनिया के समाज सुधारक एवं शिक्षा की क्रांति के अग्रदूत महात्मा फुले को याद किया गया.... इस अवसर पर मनीष कुशवाहा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस विभाग मुनेंद्र ठाकरे जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र डंडे ब्लॉक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिसेन सरपंच प्रतिनिधि सुनील अवधवाल कांग्रेस से सेवादल, दिनेश मरार अशोक सर्राते तुलसीराम पंचेश्वर शेखू नागेश्वर करीम रंगरेज अरुण शिव समी लाल रावत कुंवरलाल मानेश्वर अन्य कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को संपन्न किया और महात्मा फुले के शिक्षा की क्रांति को आगे बढ़ने का प्रण लियां.....।

## राम भक्त हनुमान की मनाई गई जयंती

**मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, बड़ी संख्या में चांदपूर पहुंचे भक्त**

**कटंगी।** शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक राम भक्त हनुमान जी की जयंती समूचे कटंगी क्षेत्र में रीति-रिवाज, आस्था और श्रद्धा भाव के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. हनुमान जयंती के दिन हिंदू धर्म के अनुयायियों ने अपार श्रद्धा उत्साह के साथ हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की. कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में स्थित हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम सुबह 04 बजे से शुरू हुआ और देर शाम तक जारी रहा. हनुमान जयंती के मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा, रैली और महाप्रसादी के भी आयोजन किए गए. मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण, रामचरितमानस का पाठ किया गया. कटंगी नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर, सिद्ध स्थल हनुमान बाड़ी, सिवनी रोड़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, शीतला माता स्थित हनुमान मंदिर, अर्जुननाला और सेलवा स्थित हनुमान मंदिर, परसाड़ी टोला हनुमान मंदिर, सिनेमा चौक हनुमान मंदिर, गर्रा स्थित हनुमान समेत तमाम जगहों के हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने पहुंचकर अपने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की. इन सभी मंदिरों में प्रातः विधि-विधान से अंजनी पुत्र को चोला अर्पित किया गया. वहीं हनुमान जी को गुड़-चना, लड्डु, हलवा, बूंदी सहित अन्य मिठाईयों का भोग चढ़ाया गया।

**बालाघाट से चांदपूर का संबंध-**

हनुमान जयंती के अवसर पर कटंगी क्षेत्र से बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के सिद्धपीठ चांदपुर हनुमान मंदिर पहुंचे. जहां चांदपुर नरेश दक्षिणमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. यहां पर सुबह 04 बजे मुख्य पुजारी और पुजारियों के एक पूरे समूह ने विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत की. सुबह हनुमान जी की चोला अर्पित किया गया. सुबह 07 बजे आरती हुई जिसमें करीब 1 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान रहा. वहीं पूरा दिन मंदिर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा. करीब 20 हजार से भी अधिक संख्या में भक्तों के मंदिर पहुंचने का अनुमान लगाया गया. चांदपुर मंदिर में दिन भर धार्मिक कार्यक्रम और महाप्रसादी के आयोजन हुए. आपको बता दें कि ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वनवास के दौरान बालाघाट जिले के रामपायली से होते हुए चांदपुर पहुंचे थे. यह भी मान्यता है कि चांदपुर में भक्त की मांगी गई हर मुराद पूरी होती है. जिस कारण यहां हर साल बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर हनुमान जी की आराधना करते है. कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा में संकट मोचन हनुमान मंदिर में परम्परा अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली गई।

# शासकीय स्कूल में घुसे चोर, कुछ नहीं मिला तो की तोड़फोड़

**लांजी। थाना क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पौनी में चोरों ने गत रात्रि में धावा बोला। चोरों को स्कूल में कुछ नहीं मिला तो स्कूल में तोड़फोड़ कर दी। 10 वीं क्लास रूम मे घुसकर इलेक्ट्रिक बोर्ड एवं पंखे को तोड़ा गया।**

चोरों द्वारा शासकीय हाईस्कूल पौनी के मेन गेट के ताले भी तोड़ा गया ।इसके बाद चोर स्कूल के आशा स्वसहायता समूह के मध्यान भोजन कक्ष से राशन सहित अन्य सामग्री की चोरी कर ले गए। आज 12 फरवरी को जब स्कूल प्रबंधन को इसकी जानकारी लगी तो प्रभारी प्राचार्य द्वारा थाने में घटना की जानकारी दी गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौका स्थल पर पहुंचकर वस्तु स्थिति को जाना। बहरहाल पुलिस आसपास के लोगों से जानकारी जुटाकर चोरों का पता लगाने की कोशिश कर रही है, ओर लांजी थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## हनुमान जयंती पर सुंदर कांड का पाठ करके की गई पूजा अर्चना, बांटा प्रसाद



**लाँजी।** लाँजी छेत्र में शनिवार को धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई।भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालु झूमते रहे। कुछ मंदिरों पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। शहर में सुबह से ही कार्यक्रमों का क्रम शुरू हो गया था। ढोलक-मजीरों के साथ छोटे मंदिरों में भी पवनपुत्र की महिमा का गुणगान हुआ। हनुमान चालीसा और सुंदर कांड के साथ भगवान श्री राम की भी वंदना की गई। घरों और मंदिरों में भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद का वितरण भी किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। लोगों ने माथे पर लाल तिलक लगाया।श्रद्धालुओं ने हनुमानजी को सिंदूर चढ़ाया। लाँजी नगर के आमगांव रोड़ मे पूराने पचायत मे स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया। आरती के साथ पूजा अर्चना किया इसके बाद प्रसाद का वितरण किया।

## पेसा अधिनियम क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न



बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में शनिवार को पेसा अधिनियम क्रियान्वयन के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमे नवीन ग्राम सभा गठन के लिए प्रस्ताव की प्रक्रिया, शांति एवं विवाद निवारण समितियों की जानकारी, मादक पदार्थ नियंत्रण समितियों की जानकारी, वनाधिकार पट्टा एवं तेंदूपत्ता संग्रहण तथा पेसा ग्राम सभा खाते पुनः सक्रिय करवाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पेसा अधिनियम क्रियान्वयन की समीक्षा ग्राम सभा मोबिलाइजर से की गई। साथ ही पेसा अधिनियम के तहत नवीन ग्राम सभा के गठन की प्रक्रिया एवं की जाने वाली कार्यवाही तथा उनके प्रावधानों से अवगत कराते हुए क्रियान्वयन किए जाने के लिए समझाइस दी गई। बैठक में जिला पेसा समन्वयक अधिकारी राजकुमार उइके, बिरसा जनपद सीईओ, ब्लॉक समन्वयक अधिकारी पेसा रोशनी उइके, बीपीओ डीएस परते, भोजराज सैन व सरवन कुमार नेताम उपस्थित रहें।

बैठक में बताया गया कि थाना बिरसा के थाना प्रभारी से मिलने की योजना बनाकर शांति एवं विवाद निवारण समितियों के बारे में चर्चा करके उन्हें यह बताना होगा कि पेसा एक्ट की शांति एवं विवाद निवारण समिति के माध्यम से ग्राम सभा के लड़ाई झगड़े, छोटे विवादों का निराकरण किया जायेगा। वहीं पेसा जिला समन्वयक अधिकारी द्वारा पेसा ग्राम को मिला अधिकार तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन अनुबंध के प्रकिया बताते हुए ग्राम सभा और ठेकादार के बीच अनुबंध की कार्यवाही किस प्रकार से की जा सकतीहै। पेसा अधिनियम 1996 के अंतर्गत मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 के पेसा नियम तहत अध्याय-नौ गौण वनोपज का परंपरागत प्रबंधन एवं गौण वनोपज संबंधित अधिकार पारंपरिक रुप से लघु वनोपज का संग्रहण स्वामित्व तथा प्रबंधन अनुसूचित जनजाति और अन्य पंरपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(ग) के अनुसार) तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन कार्य हेतु जनपद पंचायत बिरसा के कुल 30 ग्राम सभाओं के द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण एवं विपणन कार्य किया जायेगा।

बैठक में बताया गया कि बहुत लम्बे समय के बाद जनजातियों को जंगल के वन संसाधनों विपरण प्रबंधन का अधिकार प्राप्त हुआ। अब ग्राम सभा स्वयं तेंदूपत्ता संग्रहण कर अपने श्वेत के आधार पर बेच सकेगी। पेसा एक्ट के अंतर्गत जिन-जिन ग्राम सभाओं ने संकल्प पारित किया है।उन ग्राम सभाओ का तेंदूपत्ता बेचने खरीदने का स्वतंत्र अधिकार है, किसी प्रकार से कोई बाध्यता नहीं रहेगी ग्राम सभा को लाखों का होगा फायदा 25 परसेंट लाभांश राशि ग्राम सभा के खाते के निधि खाता मे जमा होगा वन संसाधन योजना एवं नियंत्रण समितियों के सदस्यों एवं ग्राम सभा अध्यक्षों , ग्राम सभा निधि के खाता धारकों महिला/पुरुषों की क्रमबद्ध सूची तैयार कर जहां पर समिति गठन नही हुआ है वहा गठन किया जाएगा।

## पेयजल संकट से निपटने नल कूप खनन के वेंडर बढ़ाये जाएंगे- प्रभारी मंत्री श्री सिंह

**बालाघाट।** शिक्षा, परिवहन व जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने शनिवार को मलाझखण्ड के एचसीएल में वर्तमान जल संकट सहित कई विषयों पर समीक्षा की। जल संकट से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके से कहा कि जल संकट दरवाजे पर है। नलकूप खनन के साथ ही मोटर पम्प और राइजिंग पाइप सहित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखें। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वें वित्त से भी पेयजल के सम्बंध में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पेयजल, बिजली और जल संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आने वाले 2 माह तक इन कार्यो पर लगकर कार्य करना आवश्यक है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सिंचाई संकट से उभरने के सम्बंध में समीक्षा करते हुए कृषि, सिंचाई और जिला प्रशासन द्वारा किसानों को धान से मक्का में फसल लगाने की कार्ययोजना की सराहना की। साथ ही कहा कि किसानों की जागरूकता ही जल बचाव का बड़ा स्त्रोत है। अगर धान के बजाय मक्का में मुनाफा है, तो मक्के को बढ़ावा देना अच्छा विकल्प है। बिजली व्यवस्था के सम्बंध में निर्देश दिए है कि जिला बड़ा होने के साथ ही बिजली का उपयोग ज्यादा होने लगा है। इसलिए अब आगे की योजनाएं 30 वर्षो को ध्यान में रखते हुए बनाई जाए। खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अवैध रेत परिवहन पर लगाम लगाएं, अन्यथा पुलिस विभाग को भी इस पर रोक लगाने के लिए उतरना होगा। साथ ही पीएम आवास सहित आम नागरिकों के लिए रेत की व्यवस्था सुगमता से होनी चाहिए।

युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए विभाग खरा उतरें जिले को पेयजल संकट से उभारने के लिए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पीएचई विभाग को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि युद्ध स्तर पर तैयारी के साथ तैनात हो जाये। जनप्रतिनिधि तथा अन्य माध्यमो से मिल रही जानकारी के अनुसार विभाग को एक युद्ध ही लड़ना है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और एमपीईबी को संयुक्त रूप से पेयजल आपूर्ति के लिए हर क्षण तैयार रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने पीएचई विभाग से कार्ययोजना के सम्बंध में भी जानकारी ली। साथ ही कहा कि 11 वेंडर पर्याप्त नहीं होंगे, संख्या बढ़ाकर 25 की जाए। इसके अलावा अन्य व्यवस्थाएं अभी से कर लें। बीच मे हायतोबा की स्थिति निर्मित न होने दे। एमपीईबी भी इसी तरह जो भी यंत्र व ट्रांसफार्मर लगें, वे सब तैयार रखें। नए ठेकेदारों को घाट व खदान देने से पहले दस्तावेजीकरण करें




प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने खनिज विभाग से कहा कि अब जब भी खदान या घाट नए ठेकेदार को प्रदान करें। उससे पहले ही विभाग मुनारे बनाने के साथ ही व्यवस्थित सीमांकन के कार्यो का दस्तावेजीकरण आवश्यक रूप से कर लेंवे। इसमें प्रत्येक घाट व खदान के फ़ोटो वीडियो बनाएं।

### धान के स्थान पर मक्के का रकबा बढ़ाने के प्रयास प्रारम्भ

बैठक के दौरान सिंचाई के लिए पानी की जरूरत के सम्बंध में जल संसाधन विभाग की तैयारी की जानकारी ली गई। कृषि विभाग के उपसंचालक श्री राजेश खोब्रागड़े ने जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि कटंगी क्षेत्र के किसानो को राजीव सागर से 30 अप्रैल तक पानी दिलाया जाएगा। जबकि ढुति डेम से वारासिवनी के किसानों को अब पानी मिलना मुश्किल है। साथ ही उन्होंने धान के विकल्प के तौर ओर मक्का लगाने पर जोर देते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत की। जिसमें बताया गया कि धान को पानी ज्यादा लगता है, जबकि उससे 30 प्रतिशत कम पानी मे उससे अधिक मक्के का उत्पादन संभव है। इन दोनों के दाम समान हो होते है। इसी तरह मक्का की अन्य उद्योगों में आवश्यकता है। इससे मांग भी काफी है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों के साथ इस कार्ययोजना पर काम करने की शुरुआत कर दें। धान का रकबा कम और मक्के का रकबा बढ़ाने पर जोर देना आवश्यक है।

### जनप्रतिनिधियों ने उठायी जल संकट की समस्याएं

बैठक के दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों ने जल संकट की समस्याएं प्रमुखता से उठाई। बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, बैहर विधायक श्री संजय उइके, परसवाड़ा विधायक श्री मधु भगत, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, कटंगी विधायक श्री गौरव पारधी, वारासिवनी विधायक श्री विक्की पटेल, लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे, बैहर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता धुर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डॉली कावरे व अधिकारियो में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, एसपी श्री नगेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता व सभी जिला अधिकारी मौजूद रहें।

## मलाजखण्ड लायब्रेरी अच्छा प्रयास, अपडेट करते रहें



**बालाघाट।** शिक्षा, परिवहन व जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान मलाजखण्ड नगर परिषद में बनाई गई लायब्रेरी का अवलोकन किया। साथ ही वे मलाझखण्ड के वार्ड करहु भी पहुँचे। मलाझखण्ड नगर परिषद में स्थापित लायब्रेरी के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने प्रभारी मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया कि नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी लायब्रेरी स्थापित करने के प्रयासों जारी है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रयास अच्छे है। अब आगे इसका अपडेशन भी लगातार जारी रहे। इसके पश्चात वे मलाझखण्ड नगर परिषद सीमा क्षेत्र अन्तर्गत जनजातीय बस्ती करहू पहुँचे। यहां उनका स्वागत जनजातीय नृत्य संगीत के साथ किया गया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पीएम आवास हितग्राही श्री दलम सिंह के घर चाय और कोदो कुटकी का स्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्न योजना के तहत पारंपरिक व्यवजनों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए है। उनके साथ पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर श्री मृणाल मीना, एसपी श्री नगेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक मौजूद रहें।

## आदिवासी कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन




**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में शनिवार को शासकीय आदिवासी महाविद्यालय कन्या छात्रावास बालाघाट में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित श्री सतीष शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है, मध्यस्थ दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटारा कराता है। कार्यक्रम में मध्यस्थता के लाभों के बारे में बताते हुए कहा गया कि विवादों का अविलम्ब एवं शीघ्र समाधान होता है। मध्यस्थता की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है। सामाजिक सद्भावना कायम रखने में सहायक होता है। साथ ही श्री शर्मा ने निशुल्क विधिक सहायता योजना एवं भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्त्तव्य के संबंध में भी उपस्थित छात्राओं को जानकारी दी। शिविर में उपस्थित श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा(बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना 2015, दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम एवं निःषुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध मे जानकारी प्रदान की गई। साथ ही श्री धुर्वे ने सायबर अपराध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी विकास ने आधुनिक जीवन शैली को बदल दिया है। समय के साथ इंटरनेट का प्रयोग आम जीवन में बढ़ता जा रहा है। हमारी छोटी सी चूक सायबर अपराधियों के लिए डेटा चोरी के द्वार खोल सकती है। सायबर अपराधी हमारे पैसे चुरा सकते है हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकते है। अधिकांश सायबर अपराध मानवीय लापरवाही के कारण होते है इसलिए सायबर सुरक्षा जागरूकता आवश्यक है। श्री धुर्वे ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के संबंध में उपस्थित छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी।

## विधायक ने नहलेसरा जलाशय का किया निरीक्षण

**कटंगी।** क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय का निरीक्षण किया. ग्रामीणों के आग्रह पर वह जलाशय का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे. इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिलीप राउत, कोड़मी सरपंच प्रतिनिधि विवेकानंद हरदे, लोहमारा सरपंच सुंदर बिन्झाड़े, सिंचाई विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद रहे. विधायक ने निरीक्षण करने के बाद स्थानीय विश्राम गृह में चर्चा करते हुए बताया कि संपूर्ण क्षेत्र गहरे पानी जल संकट के दौर से गुजर रहा है अभी हम क्षेत्रवासियों को जल संकट कुछ हद तक महसूस हो रहा है और आने वाले दिनों में यह बात तब समझ आएगी जब समस्या विकराल रूप से लेगी. जल संकट से कैसे उबरना है इसी बात को ध्यान में रखते हुए नहलेसरा जलाशय का निरीक्षण किया और यह जानने की कोशिश की अभी जलाशय में कितना डेड वॉटर शेष है. उन्होंने कहा कि नहलेसरा जलाशय आस-पास के गांवों और कटंगी शहर के जल स्त्रोतों को अपना अंशदान देता है. जलाशय की गाद का विषय ग्रामीणों के द्वारा संज्ञान में लाया गया था और गाद निकालने से जलाशय का जलस्तर बढ़ने और किसानों को फायदा होने की बात बताई गई थी. इस विषय के संज्ञान में आने के बाद सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया गया. कार्यपालन यंत्री से इस पूरे विषय पर चर्चा की जाएगी और गाद निकालने की अनुमति ली जाएगी. विधायक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जलाशय की पार से मिट्टी सरक रही है जिससे भविष्य में अनहोनी हो सकती है इसे ध्यान में रखा गया है. उन्होंने कहा कि पूर्व में जलाशय की पिंचिंग का कार्य किया गया इसमें जलाशय के पत्थरों का ही उपयोग कर लिया गया है. जिस कारण आज बड़े स्तर पर कटाव हो रहा है. अगर यहीं स्थिति रही तो आने वाले समय में नहलेसरा का रेस्ट हाउस गिर सकता है. नहलेसरा में पर्यटन विकसित किया जा सकता है इस दिशा में भी चर्चा हुई है. उन्होंने भविष्य में निष्कर्ष में पहुंचने का भरोसा दिया है. विधायक ने कहा कि जलाशय में गहरीकरण का प्रावधान नहीं होता लेकिन ई शिल्टिंग का प्रावधान है इसीलिए विभाग के अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जमुनिया जलाशय का भी निरीक्षण किया जाएगा. उन्होंने कहा कि जब जमुनिया जलाशय फुटा था उसके बाद जब पुनर्निर्माण किया गया तो जलाशय की क्षमता कम कर दी गई. इसकी क्षमता कैसे बढ़ाई जा सकती है यह भी देखा जाएगा ताकि किसानों को लाभ मिले. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने गत दिवस सांसद श्रीमती भारती पारधी को एक ज्ञापन सौंपकर हिर्री नदी का पानी नहलेसरा जलाशय में गिराने की मांग रखी थी. इसी पर जब विधायक से सवाल पूछा गया तो विधायक ने कहा कि उन्होंने भी यह बात सोची थी लेकिन हिर्री नदी भी वर्षा आधारित है यहां से अगर पानी ला भी लिया जाए तो नहलेसरा की जल संग्रहण क्षमता कम होने के कारण पानी संग्रहित करना संभव नहीं है.